छ.ग. शासन द्वारा मान्यता प्राप्त संगठनों का प्रतिनिधि संगठन

छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन

कार्यालय-प्लाट नं. ओ/6, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.) 492014

Email : cgfederation2019@gmail.com

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा रजिस्टर्ड

(पंजीयन क्रमांक-122202017067 रायपुर दिनांक 16/01/2020)

कमल वर्मा
संयोजक
मो.नं.-9425509920
7974388672

सुभाष मिश्र
संरक्षक
मो.नं.-9425203900

पत्र क्र. छ.ग.क.अ.फे./......595 रायपुर, दिनांक 07/07/22

प्रति,

समस्त विभागाध्यक्ष
इंद्रावती भवन, नवा रायपुर
अटल नगर,जिला – रायपुर (छ0ग0)

विषयः– छत्तीसगढ़ कर्मचारी–अधिकारी फेडरेशन के आव्हान पर 25 जुलाई 2022 से 29 जुलाई 2022 तक सामुहिक अवकाश पर रहने संबंधी सूचना।

संदर्भ :– मुख्य सचिव, छत्तीसगढ़ शासन को प्रेषित हड़ताल की नोटिस क. 581 दिनांक 30/5/2022।

––––000––

महोदय,

विषयान्तर्गत लेख है कि छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता एवं गैर मान्यता प्राप्त संगठनों का एक प्रतिनिधि संगठन है। फेडरेशन समय–समय पर प्रदेश के कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान कराने हेतु उचित माध्यम से शासन का ध्यान आकृष्ट कराता रहा है।

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने प्रदेश के कर्मचारियों को केन्द्र के समान देय तिथि से **34%** महंगाई भत्ता एवं सातवें वेतनमान के अनुरूप गृह भाड़ा भत्ता दिलाने चार चरणों मे आंदोलन करने का निर्णय लिया है।जो कि निम्नानुसार है :–

प्रथम चरणः–

30 मई 2022 को हड़ताल की नोटिस।

द्वितीय चरण :–

29 जून 22 को अवकाश लेकर जिला/ब्लॉक/तहसील स्तरीय महारैली।

तृतीय चरण :–

25 से 29 जुलाई 2022 तक सामुहिक अवकाश लेकर **कलम बंद–काम बंद** हड़ताल।

चौथा चरण :–

अनिश्चितकालीन हड़ताल।

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन द्वारा उल्लेखित आंदोलन के संबंध में विधिवत सूचना मुख्य सचिव, छत्तीसगढ़ शासन को संदर्भित पत्र के माध्यम से दी चुकी है। फेडरेशन द्वारा पत्र क. 593 दि. 20/6/22 के माध्यम से आपके विभाग को उक्त हड़ताल के संबंध में सूचना पूर्व में भी दी गई है।

अतः आपसे अनुरोध है कि छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के उक्त प्रांतव्यापी आंदोलन में सहयोग प्रदान करने का कष्ट करेंगे।

भवदीय,

07/07

(कमल वर्मा)
प्रांतीय संयोजक

Scanned with CamScanner